भारत सरकार

विधि और न्याय मंत्रालय

न्याय विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1878

जिसका उत्तर गुरुवार, 17 मार्च, 2022 को दिया जाना है

कलकत्ता उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों के पदों की रिक्ति

1878. श्रीमती शांता क्षत्रीः

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कलकत्ता उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों के कुल कितने स्वीकृत पद हैं ;

(ख) क्या वर्तमान में कलकत्ता उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों के पद रिक्त पड़े हैं ; और

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं ?

उत्तर

विधि और न्याय मंत्री

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (ग) : 72 न्यायाधीशों की स्वीकृत पद संख्या के विरुद्ध कलकत्ता उच्च न्यायालय में वर्तमान में 39 न्यायाधीश (31 स्थाई न्यायाधीश और 8 अतिरिक्त न्यायाधीश) कार्य कर रहे हैं । कलकत्ता उच्च न्यायालय में 33 रिक्तियों के संबंध में, उच्च न्यायालय कॉलेजियम से 10 सिफारिशें प्राप्त हुई हैं जो प्रक्रिया के विभिन्न चरणों पर हैं जबकि शेष 23 रिक्तियों के विरुद्ध नामों को अभी उच्च न्यायालय कॉलेजियम से प्राप्त किया जाना है ।

उच्च न्यायालयों में रिक्तियों का भरा जाना कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच एक सतत्, एकीकृत और सहयोगकारी प्रक्रिया है, इसके लिए राज्य और केन्द्रीय स्तर दोनों पर विभिन्न सांविधानिक प्राधिकारियों से परामर्श और अनुमोदन अपेक्षित है, यद्यपि, विद्यमान रिक्तियों को शीघ्रतापूर्वक भरे जाने के लिए प्रत्येक प्रयास किया जाता है, उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की रिक्तियां न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति, त्याग-पत्र या उन्नयन के कारण और न्यायाधीशों की पद संख्या में वृद्धि के कारण भी उद्भूत होती रहती है ।

****